## सार-समाचार

### ऑनलाइन सट्टा गिरोह पकड़ा



**कपासन, (निसं)।** चित्तौडगढ़ साइबर थाना और भूपालसागर थाना की संयुक्त टीम ने कपासन में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया हैआरोपियों से 11 एंड्रॉइड मोबाइल, दो स्कैनर मशीन, एक कार्ड स्वैप मशीन, एटीएम, चेक बुक और पासबुक बरामद की गई है। एसपी सुधीर जोशी के अनुसार, डीएसटी और साइबर सेल को सूचना मिली थी। कपासन में विकास राव के निर्माणाधीन मकान में ऑनलाइन सट्टा चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने विकास राव (25), सौरभआचार्य (20) और करण कुमावत (22) को पकड़ा।पूछताछ में पता चला कि यह सट्टा नेटवर्क बालमुकुंद इनाणी उर्फ बुद्धिप्रकाश चला रहा था। उसने इन युवकों को सट्टा चलाने की ट्रेनिंग दी थी। आरोपी लोगों को लालच देकर ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ते थे। वे ठााहकों से ऑनलाइन पैसे लेकर सट्टा खिलाते थे। आरोपी मास्टर आईडी से क्लाइंट आईडी और पासवर्ड बनाते थे। ग्राहकों को आईडी-पासवर्ड देकर उनके खातों में ऑनलाइन रुपए जमा कराते थे। क्लाइंट आईडी में रिचार्ज के बाद सट्टा शुरू होता था। ग्राहक मोबाइल में इंटरनेट ब्राउजर या ऐप से सट्टा खेलते थे।

### राष्ट्रीय सिम्पोजियम का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल विवि के पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ऑर्थोडॉन्टिक्स एवं डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग की ओर से 'स्केलेटल एंकरज' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सिम्पोजियम का आयोजन किया गया। ऑर्थोडॉन्टिक्स एवं डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ.पियूष बोल्या ने बताया कि यह सिम्पोजियम उदयपुर में ऑर्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में अपनी तरह का पहला आयोजन था, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पाँच प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लेकर अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा किया, जिससे यह सिम्पोजियम शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से अत्यंत सफल रहा। सिम्पोजियम में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ.पुनीत बत्रा, सचिव डॉ.संजय लाभ पूर्व अध्यक्ष डॉ.जयेश रहालकर, डॉ. विग्नेश कैलासम, एवं डॉ.दिव्यारूप राय ने शिरकत की। आयोजन सचिव डॉ.पियूष बोल्या ने बताया कि राष्ट्रीय सिम्पोजियम में विभिन्न तकनीकी सत्रों में मिनी स्क्रू असिस्टेड रैपिड पैलेटल एक्सपेंशन का लाइव क्लिनिकल डेमोंस्ट्रेशन किया गया। जो मैक्सिलरी कंस्ट्रिक्शन को सुधारने एवं जबड़े के विकास को बढ़ाने में सहायक है। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान प्रतिनिधियों को न केवल तकनीकी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखने का अवसर मिला, बल्कि विशेषज्ञों से प्रश्न पूछने एवं संवाद करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। सिम्पोजियम में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर दिए संवादात्मक व्याख्यानों ने प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकों और शोधों से अवगत कराया। सिम्पोजियम में देशभर से आए स्नातकोत्तर छात्रों, चिकित्सकों एवं शिक्षकों को स्केलेटल एंकरज तकनीकों की गहन समझ प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। इस दौरान इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ.पुनीत बत्रा, सचिव डॉ.संजय लाभ ने आयोजन सचिव डॉ.पियूष बोल्या का सम्मान भी किया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र के टेम्बा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोग इकट्ठे हो गए और आक्रोश जताया। दोवडा थाने के हेड कॉनि. ने बताया कि रविवार शाम के समय देवली फला पाल मांडव निवासी प्रकाश पुत्र जीवाजी परमार खेतों में गया था। देर रात को वह पैदल ही खेतों से अपने घर की और लौट रहा था। रास्ते में तेम्बा के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर खेतों में जाकर पलट गया। हादसे में प्रकाश के हाथ, पैर, सिर के शरीर पर कई जगह गंभीर चोंटे आने से मौके पर ही मौत हो गई। उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं, पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### रिटायर्ड फौजी की इलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** निठाउवा थाना क्षेत्र में साबला रोड पर डेढ महीने पहले सडक दुर्घटना में घायल रिटायर्ड फौजी की इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहींए मामले को लेकर जांच की जा रही है। निठाउवा थाने के हेड कॉनि.ने बताया कि 16 अप्रैल को बोर का पानी निवासी रिटायर्ड फौजी लक्ष्मण लाल डामोर बाइक लेकर पारसोल से अपने गांव की और लौट रहा था। रास्ते में साबला मार्ग पर सामने से आ रही बाइक से उसकी भीषण टक्कर हो गई। करीब डेढ माह से लक्ष्मणलाल का अलग अलग अस्पतालों में इलाज चला। तबीयत ठीक होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। रविवार रात लक्ष्मलाल की तबीयत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बिजली बंद रहेगी आज

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर 132 केवी जीएसएस पर त्रैमासिक रखरखाव के चलते भीण्डर-कानोड़ नगर पालिका क्षेत्र सहित विभिन्न गांवों में 10 जून मंगलवार सुबह 10 से 4 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार वेद ने बताया कि 132 केवी जीएसएस पर रखरखाव के चलते 33 केवी भीण्डर, कानोड़, कुंथवास एवं बड़गांव जीएसएस पर विद्युत सप्लाई नहीं होगी। इसलिए इनसे संबंधित भीण्डर नगर पालिका, कानोड़ नगर पालिका के साथ-साथ कुंथवास व बड़गांव से जुड़े हुए गांवों में सुबह 10 से 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### रेलवे ट्रेक पर युवक का शव मिला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र घाटा वाली माताजी पुलिया निचे रेल्वे ट्रेक पर असारवा कोटा जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 36 वर्ष रंग गेहूआ, गोल चेहरा, सिर पर काले बाल, कान में सोने के लोग व गले में कारा धागा तथा शरीर पर गुलाबी टीशर्ट तथा काली पेंट पहने है। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवाया है। हेडकांस्टेबल अमरसिंह उसकी शिनाख्तगी के प्रयास में जुटे है।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना क्षैत्र ढोल गांव निवासी राहुल (25) पुत्र कन्हैयालाल ने रविवार को विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे परिजनों ने अचेत अवस्था में एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल रमेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र बारा रोड़ पर कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार बारा टीडी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र नगजी की मौत होगई। राजेन्द्र अपने साथी प्रवीण के साथ स्कूटी पर रविवार रात में गांव बारा से उदयपुर आ रहे थे। जहां बीच रास्तें अहमदाबाद उदयपुर रोड़ पर हादसा होगया। सूचना मिलने पर एएसआई देवेन्द्रपुरी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### किराणा व्यापारी अवैध शराब के साथ धरा

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपअधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी प्रभुलाल मय टीम ने कार्यवाही करते हुए किराणा की दुकान में शराब बेचने वाले व्यापारी प्रतापसिंह पुत्र पर्वतसिंह निवासी जगत रोबा कुराबड़ के कब्जे से चार कार्टून शराब बरामद कर गिरफ्तार किया।

# समस्याओं के त्वरित समाधान पर करें फोकस : कलक्टर

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने विभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को कहा कि वे काम पर फोकस करते हुए लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य को समय रहते पूरा करें और आमजन को राहत दे। डीआईटीओं कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने राजकाज के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते हुए इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य संपादन करने, जनसुनवाई, संपर्क, सतर्कता, सीएमओ एवं मुख्यमंत्री पीजी

■ **30 दिन से अधिक लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश**

शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए औसत निस्तारण समय, संतुष्टि प्रतिशत एवं 30 दिन से अधिक लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश देते हुए कहा कि 30 दिन से अधिक प्रकरण संबंधी निस्तारण में ढिलाई बरतने पर विभाग को नोटिस दे।




**साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव।**

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों व पेंशन सत्यापन में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। चिकित्सा उपकेंद्रों और पशुपालन विभाग के लंबित भूमि आवंटन की स्थिति पर चर्चा हुई एवं प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, जल शक्ति अभियान एवं वंदे गंगा अभियान की प्रगति पर चर्चा कर निर्देष दिये। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत लंबित विद्युत कनेक्शन शीघ्र जोड़ने के निर्देश जारी किए गए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि इसे गंभीरता से ले और षीघ्र ही पूरा करे। बैठक में अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही, मंगला पशु बीमा योजना एवं एफएमडी टीकाकरण, ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की प्रगति पर चर्चा की गई।जिला कलक्टर ने मानसून पूर्व शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई, नगर परिषद क्षेत्र में सडकों की मरम्मत की स्थिति समीक्षा कहा कि वे बरसात से पूर्व सडको को प्राथमिकता के साथ मरम्मत कार्य को पूरा करे। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देष दिये कि वे बरसात से पूर्व अपने- अपने राजकीय भवनों की छतो व नालों की साफ-सफाई करवानें के भी निर्देष दिये।

## कार्यकारिणी घोषित

**डूंगरपुर, (निसं)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उधयोगों तथा हस्त शिल्पी कलाओ के संरक्षण और उनके विकास के लिए अखिल भारतीय स्तर पर कार्यरत संघठन लघु उधयोग भारती के चितौड प्रांत की बैठक राजसमंद स्थित मार्बल गेंगशा एसोसिएशन भवन में आयोजित हुई।

डूंगरपुर इकाई महामंत्री हार्दिक जैन ने बताया कि बैठक अखिल भारतीय संघठन मंत्री प्रकाशचंद भाई के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम औझा की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल, प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष पवन गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में चितोड प्रांत की 65 इकाईओ के नव-नियुक्त अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष के नियुक्ति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई तत्पश्चायत पूरे दो वर्षो तक नए दायित्ववान पधाधिकारिओ को उनके द्वारा संघठन हित में किए जाने वाले कार्यो और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके बाद प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की जिसमे महेश हरकुट भीलवाडा को प्रांत अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया पूर्व प्रांत अध्यक्ष पवन गोयल को प्रांत का प्रभारी नियुक्त किया।

# शिक्षा ही देश की मुख्यधारा से जुड़ने का आधार : सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ कुल द्वारा बेमला -कुराबड में संचालित नवीन राजस्थान विद्यापीठ महाविद्यालय और महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल का प्रवेशोत्सव समारोह सोमवार को संस्थान परिसर में हुआ। समारोह में अतिथियों द्वारा सामाजिक जीवन में अपनी विशिष्ट सेवाएं देने वाले 90 सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनकी सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कुलपति कर्नल प्रो एस एस सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई ने आजादी के 10 वर्ष पूर्व 1937 में वंचित एवं आदिवासी वर्ग तक शिक्षा की अलख लगाने के उद्देश्य से विद्यापीठ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही आमजन को देश की मुख्यधारा से जोडा जा सकता है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए अंतिम वर्ग तक शिक्षा पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्था जनुभाई द्वारा दिखाए गए पथ पर अग्रसित होकर अपने सामुदायिक दायित्यों को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है। हमारे लिए शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास व मूल्यों और भारतीय ज्ञान से वर्तमान पीढी को अवगत करा कर चरित्रवान और राष्ट्र गौरव युक्त पीढी का निर्माण करना है। कुलाधिपति बी एल गुर्जर ने कहा कि विद्यापीठ अपने स्थापना के समय से ही जन जन तक शिक्षा की पहुँच बनाने के लिये प्रयासरत है। समारोह को पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, समाजसेवी हरि सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से आए अभिभावकों, विद्यार्थियों और सार्वजनिक जीवन से जुडे जन प्रतिनिधियों ने शिरकत की जिसमें नवल सिंह, कमलेश्वर सिंह कच्छेर, मांगी बाई सरपंच, रमेश चौधरी, नवनीत औदिच्य, भंवरलाल पटेल, शिवलाल पटेल आदि। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, समाजसेवी हरि सिंह चौहान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. भवानीपाल सिंह, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मंजू मांडोत, प्रो. कला मुनेत, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. आईजी माथुर आदि मौजदू रहे।




**प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत।**

# जिला परिषद उपचुनाव : 397 वोट से भाजपा प्रत्याशी दल्ला राम जीता

**राजसमन्द, (निसं)।** जिला परिषद राजसमन्द के वार्ड नम्बर 1 पर हुई भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की जीत है यह जीत उन्ही की मेहनत का परिणाम है इसके साथ ही जनता ने भी यह बता दिया है कि जनता विकास के साथ है और कांग्रेस अब बीते दिनों की बात हो गई है। साथ ही में जिला परिषद वार्ड नम्बर 1 के सभी मतदाताओं को भाजपा की जीत के लिए बधाई देता हूं।

जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने जिला परिषद वार्ड नम्बर एक के भाजपा प्रत्याशी दल्ला राम की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं से कही। कुंभलगढ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड ने कहा कहा कि ये जीत 36 ही कॉम की जीत है, जिसने भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करके दल्ला राम को विजयी बनाया है और यह भी साबित कर दिया है कि कुंभलगढ विधानसभा में 36 ही कॉम भाजपा के साथ है विकास के साथ है। भाजपा प्रत्याशी दल्ला राम को 2995 वोट मिले जिसमे से 397 वोट से जीत दर्ज हुई। इस जीत के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी दल्ला राम का उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही जीत पर भाजपा जिला कार्यालय के बाहर भव्य आतिशबाजी की गई व कार्यकर्ताओ द्वारा विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड जी एवं जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, भानु पालीवाल, बंशीलाल खटीक, अशोक रांका, माधव लाल चौधरी, महेंद्र सिंह चौहान, जवाहर लाल जाट, मुरारी आशिया, खुशकमल कुमावत, औलादर मंडल अध्यक्ष बबर सिंह, केलवाडा मण्डल अध्यक्ष रंजीत सिंह, प्रेमसुख शर्मा, हीरालाल गुर्जर, सोहन सिंह, मगन सिंह, भगवत सिंह, उदयलाल, भगवान लाल, गैरीलाल, चन्द्रकांत आमेटा, कमलेश प्रजापत सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।



**उपचुनाव के विजेता प्रत्याशी दल्लाराम को निर्वाचन पत्र सौंपते जिला निर्वाचन अधिकारी बाल मुकुंद असावा।**

## पुनर्मूल्यांकन की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम पर छात्रों ने गंभीर आपत्ति जताई है।

छात्रों का कहना है कि हाल ही में जारी किए गए परिणाम न केवल अपेक्षा से बहुत कम हैं, बल्कि उनमें कई त्रुटियां भी प्रतीत हो रही हैं। इसके विरोध में छात्रों ने कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर संशोधित परिणाम जारी करने की मांग की है।छात्र नेता त्रिभुवन सिंह राठौड़ ने वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 6 जून को घोषित परिणाम अधिकांश छात्रों की मेहनत और योग्यता के साथ न्याय नहीं करते।उन्होंने बताया कि कई मेधावी छात्रों को बेहद कम अंक मिले हैं जिससे छात्र समुदाय में गहरा असंतोष फैल गया है। राठौड़ ने विश्वविद्यालय से मांग की है कि सभी उत्तर पुस्तिकाओं का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनर्मूल्यांकन करवाया जाए तथा संशोधित परिणाम शीघ्र जारी किए जाएं जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो।

## पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** महिला उद्यमिता और सशक्तिकरण को बढावा देने के उद्देश्य से कैट वुमन विंग उदयपुर द्वारा आयोजित कैट उडान एग्जीबिशन के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम मुख्य ऑफिस कैट राजस्थान, जयपुर में सम्पन्न हुआ। यह एग्जीबिशन 9, 10 एवं 11 जुलाई को उदयपुर में आयोजित की जाएगी।कैट विमेन विंग उदयपुर अध्यक्ष एवं मेवाड रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि इस पोस्टर विमोचन केट के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, कैट राजस्थान अध्यक्ष राजू भाई मंगोडिवाला, केट वर्किंग प्रेसिडेंट मनोज गोयल, मुख्य सचिव हेमंत, प्रभाकर, विख्यक ज्वेलर्स मोहनदास, विपुल, केट महिला विंग राजस्थान की चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय सलाहकार रुचि प्रभाकर तथा राजस्थान अध्यक्ष चारु अग्रवाल ने किया।

# शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र भेजा है।ज्ञापन में वर्षों से लंबित डीपीसी,तबादलों पर रोक, नवक्रमोन्नत विद्यालयों में प्राध्यापक पदों की स्वीकृति और छाया पद सृजन जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की गई है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान और प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा ने बताया कि विगत पाँच शैक्षणिक सत्रों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की डीपीसी नहीं की गई है, जिससे विभागीय पदोन्नति की प्रक्रिया बाधित हो गई है। वहीं सात वर्षों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण भी रुके हुए हैं जिससे शिक्षकों और उनके परिवारों में गहरा असंतोष व्याप्त है।शेर सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि विभागीय नीतियों की खामियों के चलते प्रदेश का शैक्षणिक ढांचा जर्जर हो गया है। विद्यालयों में हजारों पद रिक्त पड़े हैं और नवक्रमोन्नत विद्यालयों में अभी तक प्राध्यापकों के पद स्वीकृत नहीं किए गए हैं। इसके अलावाए शिक्षकों से बीएलओ जैसे गैर.शैक्षणिक कार्य भी करवाए जा रहे हैं जिससे स्कूलों में पढ़ाई बाधित हो रही है।ज्ञापन में बताया गया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों के लिए चयनित शिक्षक दस माह से पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके चलते न केवल शिक्षकों की ऊर्जा व्यर्थ जा रही हैए बल्कि स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा ने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल.2 भर्ती 2022 के बाद संशोधित परिणाम जारी होने से 1280 नवनियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए 1280 छाया पद शीघ्र सृजित किए जाएं संघ पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के कई विद्यालयों की इमारतें जर्जर हैं जिनकी मरम्मत हेतु बजट शीघ्र जारी किया जाए।

## सार-समाचार

### बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री जैन नवयुवक मण्डल द्वारा आयोजित जैन प्रीमियर लीग बैंडमिन्टन प्रतियोगिता सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर स्वागत उदबोधन राजेश डेंडू ने किया जब कि उद्बोधनभारतेन्दु पंड्या, नीरव जैन,अनिल पारीख आदि ने किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता श्री जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राजेश डेंडू ने की जबकि मुख्य अतिथि भारतेंदु पंड्या अध्यक्ष जिला बैडमिंटन एसोसिएशन रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रायोजक नीरव कोटडिया एवं अनिल पारीक सचिव बैडमिंटन एसोसिएशन डूंगरपुर एवं श्री पीयूष जैन,सेठ वीसा नरसिंहपुरा समाज डूंगरपुर रहे। प्रतियोगिता में कुल 8० खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमे 10 वर्ष से लेकर 62 वर्ष की उम्र तक के खिलाडियों ने भाग लिया। समापन समारोह में महामंत्री सूर्यप्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, रवि सेठ, केशु नागदा, शैलेश मेहता, नरेश जैन, विस्मित जैन, अर्पित डेंडू, संकल्प वखारिया, शालीन जैन, नितिन गाँधी, पूजा कोटडिया, श्वेता गाँधी,दीपिका जैन, वनिता गाँधी, दीपल जैन, सहित बडी संख्या मे खिलाडी मौजूद रहें। प्रतियोगिता का संचालन महामंत्री सुनील जैन एवं आभार संयोजक धीरेन्द्र गाँधी आदि ने ज्ञापित किया।

### बिरसा मुंडा को किया याद

**बांसवाड़ा, (निसं)।** श्री गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा की ओर से मौन रखकर श्रद्धांजलि देते हुए जल-जंगल-जमीन की लड़ाई में अग्रणी रहने का प्रण लिया गया। इस दौरान जिला संयोजक कमलेश चरपोटा, ब्लॉक संयोजक आत्माराम डिंडोर, राजेश पारगी सहित छात्र शक्ति ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हमला करने वाले चार गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** झाड़ोल थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में गठित दल ने 21 मई को गणपतसिंह पुत्र कुबेरसिंह निवासी वेलनिया झाड़ोल के घर में घुसकर प्राणघातक हमला करने के मामले में आरोपी गोपालसिंह, नाहरसिंह पुत्र धनसिंह, नरेन्द्रसिंह पुत्र गोपालसिंह, खुमाणसिंह पुत्र नाहरसिंह निवासी वेलनिया को गिरफ्तार किया।

## लेकसिटी में 41 डिग्री पार पहुंचा तापमान

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में एक बार फिर भीषण गर्मी और उमस लोगों को काफी परेशान कर रही है। पिछले कुछ दिनों में तापमान में बढोतरी देखी गई है। दिन में चिलचिलाती धूप और रात को भी गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान लगातार बढता जा रहा है। सोमवार को मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री तो वहीं दूसरी और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

तापमान में वृद्धि होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। दिन में सडकों पर सन्नाटा पसरा दिखाई देता है,अधिकांश लोग दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। कामकाजी लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। बाजारों में भी भीड कम हो गई है और दुकानदार गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उमस की वजह से हो रही है। गर्म हवाओं के साथ हवा में नमी भी बढ गई है,जिससे पसीना निकलने के बाद भी राहत नहीं मिलती। कई लोग चक्कर आने,सिरदर्द, घबराहट और थकावट जैसी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए और धूप में निकलने से बचना चाहिए। मौसम विभाग की माने तो अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव की संभावना नहीं है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई निविदा सूचना संख्या
उ.प.रे/क्षे.रे.प्र.सं./0/कार्य(टेण्डर)/15/2024 दिनांक 07.06.2025
क्रम सं. 1. निविदा संख्या : ZRTI-UD-2025-05 कार्य का नाम : क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर :- iGOT मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के लिए क्षे.रे.प्र.सं. उदयपुर में कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग लैब का प्रावधान। अनुमानित लागत : 9,63,692.20 धरोहर राशि : रू. 19,300/- निविदा प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय : 30.06.2025 को 15.00 बजे तक निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख एवं समय : 30.06.2025 को 15.30 बजे। ऑफिस का पता : प्राचार्य, क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, सुखाड़िया सर्कल के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001
वेबसाइट का पता : www.ireps.gov.in
663-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**
**नोटिस**
पत्रावली संख्या:-50/2025/2091
दिनांक-30/5/25
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो को
चूंकि श्री प्रकाश चन्द्र लोढा, सदस्य ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत सृजन द स्पार्क, द सिल्वर ट्रेजर, प्लॉट नं-2, 100 फिट रोड़ शोभागपुरा, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।
अत: एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30/5/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आगामी पेशी तारीख 5/8/25 की रखी गयी है।
मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India
रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001
ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in
**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**
जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **स्व. श्री जगदेव सिंह सारंगदेवोत पुत्र श्री करण सिंह सारंगदेवोत** जरिये कानूनी वारिस **श्रीमती माया कुंवर पत्नी स्व. श्री जगदेव सिंह सारंगदेवोत, श्री राम प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री जगदेव सिंह सारंगदेवोत एवं श्री लखन प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री जगदेव सिंह सारंगदेवोत पर मांग सूचना दिनांक 24.03.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 24.03.2025 को बकाया राशि रू. 30,01,982/- (रूपये तीस लाख एक हजार नौ सौ बयासी मात्र) (दिनांक 24.03.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 04, माह जून, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 24.03.2025 को बकाया राशि रू. 30,01,982/- (रूपये तीस लाख एक हजार नौ सौ बयासी मात्र) (दिनांक 24.03.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
**अचल सम्पत्ति का वर्णन**
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि स्व. श्री जगदेव सिंह सारंगदेवोत पुत्र श्री करण सिंह सारंगदेवोत के नाम साम्यिक बंधक आवासीय मकान जो प्लॉट नं. 943, अमृत नगर, राजस्व गाँव झरनों की सराय, खसरा नं. 6 से 23, 25, 107, 600/107, 601/107, 602/106, 108, 123, 134/1, 135/1, 136 से 150, 151/1, 151/2, 152 से 157, 160, 161, 162 से 201, 204, 207, 208, 209, 212, 214, 220 से 229, 231, 232, 603/163/2, डांगियों की पंचौली, खसरा नं. 3, 6 से 22, 29, 30, 31, धोली मगरी, खसरा नं. 1545 से 1551, 1552 मी, 1553, 1554 मी, देबारी, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 625.00 वर्ग फीट है।
सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. 942, दक्षिण: प्लॉट नं. 943-ए, पूर्व: प्लॉट नं. 944, पश्चिम: रोड़ 20 फीट
स्थान: उदयपुर हस्ता.
दिनांक: 04.06.2025 प्राधिकृत अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत बोखाड़ा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)**
क्रमांक:- दिनांक-
**-:ई निविदा सूचना -01/2024-25:-**
ग्राम पंचायत बोखाड़ा में **DMFT** योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम बो.में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु **UBN N0 ZUD2526WSOB00750** के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।
सरपंच ग्राम पंचायत बोखाड़ा पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बोखाड़ा पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)